## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 01.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

- केन्दीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन आज संसद में पेश करेंगी वित्तीय वर्ष 2026–27 का केंद्रीय बजट, हर वर्ग को राहत और सौगातों की उम्मीद।

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा – युवाओं को वैश्विक मंच के लिए तैयार करने के लिए सरकार प्रयासरत, शिक्षा और क्षमता निर्माण पर दिया बल।

- राज्य में निकाय चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा प्रशासन, स्ट्रांग रूम निरीक्षण, प्रतिनियुक्ति कर्मियों को प्रशिक्षण और मतदाता जागरूकता अभियान तेज।

- सीबीआई ने रिश्वत मामले में रांची में सेना के हवलदार सहित दो लोगों को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार।
- और रांची में खेले गए उनहत्तरवीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी में झारखंड ने रचा इतिहास, दोनों वर्गों में बना चैंपियन।

*******************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। लोकसभा में बजट पेश होने के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। बजट तैयार करने से पहले, केन्द्रीय वित्त मंत्री ने विभिन्न हितधारकों के साथ परामर्श बैठकें कीं। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक बजट पूर्व परामर्श बैठकें कीं और सुझावों की संकलित रिपोर्ट सौंपी।

*******************

संसद में पेश होने वाले केन्द्रीय बजट का आकाशवाणी से जीवंत प्रसारण किया जाएगा। जिसके कारण क्षेत्रीय समाचार बुलेटिनों के समय में परिवर्तन किया गया है । आज दोपहर एक बजकर दस मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार का बुलेटिन एक बजकर पचास मिनट से दो बजे तक प्रसारित होगा।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड सरकार शिक्षा और क्षमता निर्माण के माध्यम से राज्य के युवाओं को वैश्विक मंच के लिए तैयार करना चाहती है। इस दिशा में लंदन में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के समक्ष जिंदल फाउंडेशन ने शिक्षा, शोध और कौशल विकास को लेकर राज्य सरकार के साथ साझेदारी के लिए 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' प्रस्तुत किया है। इस प्रस्ताव के तहत सार्वजनिक नीति और जलवायु परिवर्तन पर शोध, आईआईटी – आईएसएम धनबाद और बीआईटी सिंदरी जैसे संस्थानों के साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, हाशिए पर रहने वाले मेधावी छात्रों के लिए संयुक्त छात्रवृत्ति तथा प्रशासनिक अधिकारियों के क्षमता निर्माण की योजना शामिल है।

*******************

राज्य में नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जिला प्रशासन जुटा हुआ है। रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने कल ट्रांसपोर्ट नगर रिंग रोड पर प्रस्तावित स्ट्रांग रूम और चुनाव से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी तैयारियों को समयबद्ध और उच्च मानकों पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है इधर नगरपालिका निर्वाचन को लेकर जामताड़ा जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर सभागार में गठित सभी कोसांगों के वरीय सहित प्रतिनियुक्ति कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

*******************

इधर खूंटी जिले में नगर पंचायत चुनाव के लिए कौशल विकास केंद्र की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें युवाओं को मतदान के महत्व और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

********************

रांची नगरपालिका निर्वाचन के तहत नाम नामांकन के तीसरे दिन महापौर पद के लिए 5 नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री हुई, जबकि नामांकन शून्य रहा। सभी 53 वार्डों में वार्ड पार्षद पद के लिए कुल 61 नाम निर्देशन पत्र बिके, जिनमें से 6 अभ्यर्थियों ने विभिन्न वार्डों से अपना नामांकन दाखिल किया। अब तक महापौर पद के लिए कुल 16 अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र खरीद चुके हैं, लेकिन किसी ने भी नामांकन नहीं किया है।

********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

********************

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने पचास हजार रुपये की रिश्वत लेने के मामले में रांची में तैनात सेना के एक हवलदार सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह मामला तीस जनवरी को दर्ज किया गया था। शिकायत मिली थी कि हवलदार ने सेना की भूमि पर निर्माण कार्य करने की अनुमति देने के लिए पांच लाख रुपये घूस मांगे थे। सीबीआई ने जाल बिछाकर हवलदार और उसके एक निजी सहयोगी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा और तलाशी ली गई। आगे की जांच जारी है।

********************

सरायकेला में आदित्यपुर पुलिस ने ब्राउन शुगर तस्करी के चर्चित मामले में फरार चल रही मुख्य अभियुक्त डॉली परवीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने कहा कि इस गिरफ्तारी से नशा तस्करी के गिरोह को तोड़ने में बड़ी मदद मिलेगी। अन्य संलिप्त लोगों की तलाश जारी है।

********************

साहिबगंज जिले के किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा कृषि मेला का आयोजन किया गया। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि महिला और पुरुष किसान खेती, हथकरघा से जुटकर अपने रोजगार से आत्म निर्भर बन रहे है।

कृषि मेला में जिले के प्रगतिशील किसानों ने अपनी फसलों का प्रदर्शन किया और उन्नत खेती की जानकारी प्राप्त की। बागवानी की मिट्टी रहित तकनीक का भी प्रदर्शन किया गया।

********************

झारखंड ने 69 वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए अंडर–17 बालक और बालिका दोनों वर्गों का खिताब जीत लिया। स्कूली शिक्षा विभाग की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में खेला गया बालिका वर्ग के फाइनल में झारखंड ने ओडिशा को 3–0 से पराजित किया वहीं बालक वर्ग में हरियाणा को चार–शून्य से हराकर झारखंड ने एकतरफा जीत दर्ज की

*********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आज संसद में पेश होने वाले केन्द्रीय बजट की खबर को प्रमुखता दी है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–उम्मीद : विकसित भारत 2047 पर हो सकता है केन्द्रित, निर्मला का नौवां आम बजट आज।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–उद्योगों के लिए बड़ी रियायतों की आस, मिडिल क्लास भी कतार में।

दैनिक जागरण लिखता है–स्टील और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में जिंदल करेगी 70 हजार करोड़ का निवेश।

प्रभात खबर के शब्द हैं– ईशान का पहला टी–ट्वेंटी शतक, भारत ने चार–एक से सीरीज जीता।

**************************